अचलेश्वर पर सुविधाओं के लिए फूटा गुस्सा

प्याऊ, दीपस्थली, वाटर हार्वेस्टिंग, पार्किंग और पादुका स्टैंड सहित सभी मांगें मानीं

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 31 मई । ग्वालियर। श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हाईटेक प्याऊ के निर्माण, दीपदान स्थली, जूता स्टैंड, पार्किंग एवं वाटर हार्वेस्टिंग जैसी तमाम आधारभूत सुविधाओं की मांग को लेकर महादेव भक्तों का गुस्सा फूट पड़ा। मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में जमा बाबा के भक्तों ने हर हर महादेव के गगनभेदी उद्घोष के साथ अपनी मांगें एवं समस्याएं मंदिर प्रबंधन, जिला प्रशासन एवं राज्य शासन तक पहुंचाई। भक्तों एवं श्रद्धालुओं के आक्रोश के चलते मंदिर प्रांगण में हंगामे की स्थिति बन गई। खबर लगते ही क्षेत्रीय विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे। उन्होंने अचलेश्वर बाबा के भक्तों की प्रत्येक मांग से सहमति एवं समस्याओं के प्रति सहानुभूति जताई।

इसके उपरांत विधायक डॉ सतीश सिकरवार एवं मंदिर न्यास के प्रशासन द्वारा नियुक्त रिसीवर जस्टिस निशीथ मोदी की सभी श्रद्धालुओं एवं न्यास सदस्यों से लंबी चर्चा हुई। सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित किया गया कि पुरानी जीर्ण शीर्ण प्याऊ की जगह नवीन अत्याधुनिक हाईटेक प्याऊ का निर्माण जनभागीदारी से किया जाएगा जिसमे पंद्रह नलों के साथ वाशवेशिन, वाशरूम भी होंगे। श्रद्धालु सुरक्षित ढंग से श्रद्धापूर्वक दीप प्रज्वलित कर सकें इसके लिए दीपिका बनाई जाएगी। भक्तों की पादुकाओं को व्यवस्थित ढंग से रखने एवं चोरी से बचाने के लिए जूता स्टैंड बनाया जाएगा। वर्षाजल को सहेजने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग कराई जाएगी। अचलेश्वर मार्ग पर यातायात को निर्विघ्न रखने एवं श्रद्धालुओं के वाहनों को चोरों से बचाने के लिए पार्किंग को व्यवस्थित किया जाएगा। इन घोषणाओं के होते ही पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर विधायक सतीश सिकरवार ने कहा कि अचलेश्वर बाबा के भक्त चिंता न करें। वे उनकी हर मांग को पूरा कराएंगे और पूजा अर्चना में आने वाले प्रत्येक व्यवधान को विस्तृत कार्ययोजना बनाकर दूर कराएंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में यहां अचल लोक बनाने का भी प्रस्ताव है जिसे जिला प्रशासन एवं राज्य शासन से चर्चा कर मूर्त रूप दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर न्यास के रिसीवर जस्टिस निशीथ मोदी आपके बीच के ही हैं और समस्याओं को आपके सुझाव अनुरूप निराकृत कराएंगे, जनप्रतिनिधि के नाते उनका हरसंभव सहयोग रहेगा।

इस अवसर पर मंदिर न्यास के सदस्य संतोष सिंह राठौड़ एवं हरीबाबू शिवहरे ने यह भावुक चेतावनी देकर माहौल में सन्नाटा खींच दिया कि मंदिर की गरिमा और अचलेश्वर बाबा के प्रति भक्तों की श्रद्धा के प्रतिकूल कोई भी कदम उठाया गया तो वे आत्मदाह भी कर सकते हैं। इस पर विधायक सतीश सिकरवार ने भक्तों को भरोसा दिलाया कि वे ऐसा कोई कदम नहीं उठाएं क्योंकि उनका भाई हर कदम पर साथ खड़ा है।

हाईटेक प्याऊ पर दानदाताओ के नाम अंकित करने के खिलाफ हैं भक्त

भक्तों का यह भी कहना था कि मंदिर परिसर में बनने जा रही नई हाईटेक प्याऊ पर किसी भी दानदाता का नाम अंकित नहीं किया जाए। आज बड़ी संख्या में बाबा भोलेनाथ के भक्तों ने हाईटेक प्याऊ के लिए अपनी सामर्थ्य अनुरूप सहयोग राशि दान की। मंदिर कार्यालय में भक्तों से दानराशि प्राप्त कर विधिवत रसीदें देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इनकी भी रही उपस्थिति

इस अवसर पर हरीदास अग्रवाल, प्रदीप बंसल, महेश सिंह तोमर, अजमेर सिंह रावत, सुरेन्द्र शर्मा, नारायण बृजवासी, श्याम ब्रजवासी, नरेन्द्र सिंहल, रामू बृजवासी, प्रदीप गुप्ता, प्रयागसिंग गुर्जर, रामनाथ अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, तुलसी बाबा, संजय जाटव, इंद्रप्रकाश गर्ग आदि उपस्थित थे।

जनगणना के प्रथम चरण में ग्वालियर प्रदेश के शीर्ष जिलों में

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 31 मई । ग्वालियर जिले में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य सफलतापूर्वक एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण कर लिया गया है। जनगणना के प्रथम चरण के कार्य में ग्वालियर जिला मध्यप्रदेश के शीर्ष पाँच जिलों में शामिल रहा है। प्रदेश स्तर पर जिले ने चौथा स्थान प्राप्त किया है।

इस उपलब्धि पर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने जनगणना कार्य से जुड़े सभी शासकीय सेवकों को बधाई दी है और उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर जनगणना के प्रथम चरण को सफल बनाया है।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जिले के दोनों अपर कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों (एसडीएम), चार्ज अधिकारियों, प्रगणकों, सुपरवाइजरों, भोपाल से नियुक्त जिले के जनगणना नोडल अधिकारी श्री राकेश मीणा सहित जनगणना कार्य में योगदान देने वाले सभी शासकीय सेवकों एवं जिलेवासियों के प्रति जिला प्रशासन की ओर से आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा है कि जनगणना कार्य की मुख्य धुरी रहे प्रगणक और सुपरवाइजर तेज गर्मी के बावजूद घर-घर पहुंचकर मकानों का सूचीकरण और गणना कार्य करते रहे। बंद मिले मकानों की जानकारी दर्ज करने के लिए भी उन्हें कई बार संबंधित स्थानों पर जाना पड़ा। इसी समर्पण और मेहनत के कारण जिले में आंकड़ों का सही अद्यतन एवं सभी मकानों की गणना सुनिश्चित हो सकी।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने विश्वास व्यक्त किया है कि जनगणना के द्वितीय चरण में भी सभी अधिकारी और कर्मचारी इसी कर्मठता, प्रतिबद्धता और टीम भावना के साथ कार्य कर जिले को नई उपलब्धियां दिलाएंगे।

टैक्स बार एसोसिएशन ग्वालियर के निर्वाचन हुए

ग्वालियर। टैक्स बार एसोसिएशन, ग्वालियर के वर्ष 2026-2028 हेतु निर्वाचन सत्कार गेस्ट हाउस, सिटी सेंटर, में सौहार्दपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में हुए। निर्वाचन प्रक्रिया में एसोसिएशन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा संगठन की एकता एवं गरिमा का परिचय दिया।

निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन जे.सी. गोयल एडवोकेट, गिरीश मालपानी एवं अजय सिंघल द्वारा निर्वाचन अधिकारी के रूप में निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। एसोसिएशन ने उनके सफल संचालन हेतु आभार व्यक्त किया। निर्वाचन परिणामों के अनुसार निम्न पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य विजयी घोषित किए गए—अनिल दुबे अध्यक्ष, हेमंत सिरसट ङ्क उपाध्यक्ष (आयकर), संदीप गुप्ता उपाध्यक्ष (जीएसटी), संजय कछावा, सचिव, नीरज सोनी सह सचिव चुने गए।

गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ का शपथ ग्रहण हुआ

सुधीर गुप्ता को जीडीए उपाध्यक्ष बनाए जाने पर गहोई नेताओं ने जताया आभार

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 31 मई । अखिल भारतीय गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ का शपथ ग्रहण समारोह चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सुधीर गुप्ता उपाध्यक्ष ग्वालियर विकास प्राधिकरण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष, गहोई वैश्य महासभा राम गोपाल छिरौल्या द्वारा की गई।

इस अवसर पर दीपक सांवला राष्ट्रीय महामंत्री, श्रीमती सुनीता गंधी राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष, लक्की नौगरैया राष्ट्रीय नवयुवक मंडल अध्यक्ष, के. के. कट्ठल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्रीमती गीता नगरिया, अशोक कस्तवार, रमेश चंद सरावगी, मोहन कनकने, श्रीमती ममता नौगरया, राजीव सेठ, राजेंद्र प्रसाद सेठ अध्यक्ष वरिष्ठ संघ, संतोष कुचिया, मोहन बडकुल, मनोज चौधरी, संजय विजपुरिया, अमरचंद कट्ठल, डॉ सुशील कुमार सोनी, अभय मोर, रविंद्र कुमार बड़ेरिया, प्रदीप पहरिया पूर्व महामंत्री ग्रेटर ग्वालियर, रमन सेठ एवं मातृ शक्ति, नवयुवक मंडल उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद सेठ अध्यक्ष वरिष्ठ संघ ओर उनकी टीम को अतिथि द्वारा शपथ दिलाई गई और पूरी टीम को बधाई दी। राम गोपाल छिरौल्या ने इस अवसर पर सुधीर गुप्ता को ग्वालियर विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय संचार मंत्री, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया। सुधीर गुप्ता ने महासभा द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की।

सफलता की कहानी : भरोसीराम की जिंदगी बदल दी जनमन ने

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 31 मई । विशेष पिछड़ी जनजातियों में शामिल सहरिया समुदाय के लोगों के जीवन में प्रधानमंत्री जनमन अभियान नई उम्मीद लेकर आया है। ग्वालियर जिले की जनपद पंचायत भितरवार की सुदूर ग्राम पंचायत घरसोंदी से एक छोटी सी आदिवासी दफाई जुड़ी है। इसी आदिवासी दफाई के निवासी श्री भरोसीराम आदिवासी का वर्षों पुराना पक्के घर का सपना पीएम जनमन अभियान (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान) के माध्यम से साकार हुआ है। सहरिया जनजाति से ताल्लुक रखने वाले भरोसीराम आदिवासी के लिए हर बरसात एक कठिन परीक्षा की तरह आती थी। उनके पास टूटी-फूटी कच्ची झोंपड़ी थी, जिसमें पत्नी और चार बच्चों सहित छह सदस्यों का परिवार रहता था। बारिश में छत टपकती, दीवारें गलती और रातें डर में बीतती थीं। भरोसीराम अपने परिवार का गुजारा तो आसानी से चला लेते थे, पर आमदनी इतनी नहीं थी कि पक्का घर बनवा सकें।

इसी बीच भारत सरकार द्वारा जनजातियों के समग्र विकास एवं मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री जनमन अभियान शुरू किया गया। जिसके तहत भरोसीराम का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (जनमन) में पंजीकृत किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास बनाने के लिए दो लाख रुपये की राशि स्वीकृत हो गई। तीन किश्तों में भरोसीराम के खाते में सरकार ने धनराशि पहुँचाई। भरोसीराम ने पूरी लगन और परिश्रम से अपने घर का निर्माण किया और उनका पक्का मकान बनकर तैयार हो गया।

बदल गई जिंदगी की तस्वीर : आज भरोसीराम के चेहरे पर जो संतोष और प्रसन्नता है, वह शब्दों में बयान करना मुश्किल है। वे कहते हैं कि पहले बारिश में कभी-कभी रात भर जागना पड़ता था। अब हम अपने घर की छत तले परिवार सहित चैन की नींद सोते हैं। बच्चे अब घर में पढ़ सकते हैं। यह घर सिर्फ दीवारें नहीं, हमारी खुशियों का आशियाना है। अब भरोसीराम की मेहनत की कमाई घर बनाने की चिंता में नहीं लगती, वे उसे अपने बच्चों की शिक्षा और परिवार की बेहतरी में लगा रहे हैं।

सिर्फ घर नहीं, एक पूरा जीवन संवरा : भरोसीराम आदिवासी को आवास निर्माण के साथ-साथ अनेक शासकीय योजनाओं का लाभ भी दिलाया गया है। जिनमें पक्का शौचालय, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, निःशुल्क राशन पर्ची, संबल कार्ड, बच्चों को छात्रवृत्ति, नल जल योजना के तहत स्वच्छ पेयजल कनेक्शन, 90 दिवस की सुनिश्चित मजदूरी शामिल है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए भरोसीराम कहते हैं कि पीएम जनमन कार्यक्रम चलाकर सरकार ने हम जैसे जरूरतमंद सहरिया परिवारों का जीवन बदल दिया है।

देवी अहिल्याबाई जयंती : पाल-बघेल समाज की महिलाओं व पुरुषों का विधायक ने किया सम्मान

चल समारोह का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, आतिशबाजी की गई

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 31 मई । महारानी अहिल्याबाई का शासन निष्पक्षता और न्याय का प्रतीक था। उन्होंने व्यापार, कृषि और उद्योग को बढ़ावा दिया। उन्होंन अपने शासनकाल में अपनी प्रजा की भलाई को हमेशा सर्वोपरि रखा। उनके दरबार में हर व्यक्ति को न्याय मिलता था, चाहे वह कोई साधारण नागरिक हो या उनका अपना सबंधी। यह विचार आज कार्यक्रम के सूत्रधार एवं 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने लोकमाता अहिलयाबाई होल्कर की 301 वीं जयंती पर आयोजित पाल-बघेल समाज के महिला एवं पुरुषों के सम्मान समारोह में व्यक्त किए। इस मौके पर पाल-बघेल समाज के पांच सौ से अधिक महिला व पुरुषों का सम्मान अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर किया। कार्यक्रम का संचालन एम.आई.सी सदस्य एवं पार्षद अवधेश कौरव ने एवं आभार गणेश बघेल ने किया।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई की जयंती आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मांडरे की माता चौराहा पर स्थित देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान सहभोज का आयोजन किया गया। साथ ही शाम को देवी अहिल्याबाई के चल समारोह का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा शरबत का वितरण किया।

विधायक डॉ. सिकरवार ने कार्यक्रम में अपने उद्बबोधन में कहा कि जिस तरह पूज्य शंकराचार्य ने चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर सनातन संस्कृति को पुन: स्थापित किया। ठीक उसी तरह देवी अहिल्याबाई होल्कर ने पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की तथा भारत को एक सूत्र में पिरोया। व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण, नारी सशक्तिकरण, प्रकृति पर्यावरण संवर्धन और भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुन: प्रतिष्ठा का जो कार्य अहिल्याबाई होल्कर ने किया, उनके विराट व्यक्तित्व का परिचय कराता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एड. शम्भूदयाल बघेल, एड. प्रेमसिंह बघेल, डॉ. सीताराम सिंह देव, एड. अंगद सिंह बघेल, एड. बलराम पाल, रामप्रसाद बघेल, हजारी सिंह बघेल, दयाराम बघेल, दशरथ बघेल, अशोक पाल, नारायण बघेल, रतीराम बघेल, गणेश बघेल, श्रीमती रानी पाल, श्रीमती राधारानी पाल, श्रीमती मिथलेश बघेल, प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेमसिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती रेखा जाटव, राजेश तोमर, विनोद जैन, अनूप शिवहरे, संदीप यादव, पार्षद केदार बरहादिया, पार्षद सुरेन्द्र साहू, पार्षद प्रमोद खरे, पार्षद अंकित कठठ्ल आदि मंचासीन रहे।

नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी अभियान जारी

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 31 मई । ग्वालियर जिले को नशामुक्त बनाने और भावी पीढ़ी को व्यसनों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देशों के अनुपालन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जिले भर में नशामुक्ति के प्रति नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।

संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी संयुक्त संचालक (सामाजिक न्याय) श्री विनोद सिंह ने बताया कि जिले में विगत एक सप्ताह से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नशामुक्ति जागरूकता रथों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आमजन को तंबाकू, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। ये जागरूकता रथ ग्वालियर की सभी विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण कर ऑडियो संदेशों, पंपलेट वितरण और जनसंवाद के जरिए लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित नुक्कड़ नाटकों में कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के कारण उत्पन्न होने वाली सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सजीव चित्रण किया। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देने के साथ ही जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार का नशा न करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री विनोद सिंह ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति, बल्कि परिवार और संपूर्ण समाज के लिए घातक है। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए जनजागरूकता को अत्यंत आवश्यक बताते हुए सभी नागरिकों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

विधायक प्रीमियर लीग : तीसरे राउंड में घमासान

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 31 मई । जन उत्थान न्यास के तत्वाधान में हो रहे विधायक प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के आज तीसरे राउण्ड के 6 मैच एम.एल.बी कॉलेज के खेल मैदान में सायं 3:30 बजे से आयोजित किये गये। पहला मैच सायं 3:30 बजे वार्ड क्रमांक 23 की टीम 23/ए एवं टीम 23/बी के मध्य खेला गया। इसी क्रमश: में दूसरा मैच सायं 4:30 बजे वार्ड क्रमांक 21 एवं वार्ड 22 की टीम 21/ए एवं टीम 22/डी के मध्य, तीसरा मैच सायं 5:30 बजे वार्ड क्रमांक 18 की टीम 18/डी एवं टीम 18/एफ के मध्य खेला गया। चौथा मैच सायं 6:30 बजे वार्ड क्रमांक 60 की टीम 60/पी एवं टीम 60/आर के मध्य खेला गया। पांचवा मैच सायं 7:30 बजे वार्ड क्रमांक 58 की टीम 58/सी एवं टीम 58/डी के मध्य एवं आखिरी छठवां मैच सायं 8:30 बजे वार्ड क्रमांक 56 की टीम 56/एफ एवं टीम 56/जे के मध्य खेला गया। टूर्नामेंट के अंत में न्यासी आदित्य सिकरवार द्वारा दर्शकों के लिये लक्की ड्रा खोला जाता हैं, 30 दर्शकों को आर्कषक उपहार दिये गये। मैच की शुरूआत में टूर्नामेंट के आयोजक, न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने अतिथियों के साथ टीमों से परिचय किया और टीमों को शुभकामनाएं दी।

आज शाम एम.एल.बी मैदान पर पहला मैच वार्ड क्रमांक 23 की टीम 23/ए एवं टीम 23/बी के मध्य खेला गया।

भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान कबीर भदौरिया का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 31 मई । भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान कबीर भदौरिया (कबीर सिंह) का रविवार को ग्वालियर में भव्य स्वागत किया गया। हाल ही में श्रीलंका में आयोजित इंडो-लंका फ्रेंडशिप कप 2026 में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेज़बान श्रीलंका को 3-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। कोलंबो में खेली गई इस सीरीज में भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने पहली बार विदेशी धरती पर मेज़बान टीम के खिलाफ क्लीन स्वीप कर इतिहास रचा। इस ऐतिहासिक जीत में ग्वालियर के दिव्यांग क्रिकेटर एवं टीम कप्तान कबीर भदौरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया। कबीर भदौरिया की इस उपलब्धि पर हेल्प गुरु प्रमोद राजावत ने कहा कि यह उपलब्धि ग्वालियर-चंबल संभाग ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि कबीर भदौरिया ने अपनी मेहनत, लगन और नेतृत्व क्षमता से युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

इस अवसर पर कबीर भदौरिया ने कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। यदि पूरी ईमानदारी, समर्पण और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ा जाए तो कठिन से कठिन मंजिल भी हासिल की जा सकती है। उन्होंने युवाओं से चुनौतियों से घबराने के बजाय उनका डटकर सामना करने का आह्वान किया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ शपथकर्ता के पिता (**स्व. श्री सरदार सिंह लांस नायक**) के सर्विस रिकॉर्ड में मुझ शपथकर्ता के नाम स्पेलिंग **KRISHAN PRATAP** अंकित है जबकि मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड व पेन कार्ड व अन्य समस्त दस्तावेजों में मुझ शपथकर्ता के नाम की वास्तविक स्पेलिंग **KRISHNA PRATAP SINGH** है। यह कि **KRISHAN PRATAP** एवं **KRISHNA PRATAP SINGH** उक्त वर्णित दोनों ही स्पेलिंग मुझ शपथकर्ता के नाम की ही है। अत: मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरे नाम की स्पेलिंग **KRISHAN PRATAP** के स्थान **KRISHNA PRATAP SINGH** अंकित कर रिकॉर्ड में दर्ज की जावे.

शपथकर्ता
कृष्ण प्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री सरदार सिंह निवासी बंगरा जिला जालौन उ.प्र.

आम सूचना

श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री विजेन्द्र सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम मुरैना गांव, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.07 (दाऊ वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1244 ग्राम मुरैनागांव का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है - पूर्व में भूखण्ड सिकरवार, पश्चिम में भूखण्ड पण्डित जी, उत्तर में भूखण्ड अन्य एवं दक्षिण में रास्ता 20 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री सोनू यादव एवं श्री अजय यादव पुत्रगण श्री राजपाल सिंह यादव के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री सोनू यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रामकली पत्नी श्री गिर्राज को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 257920241574181 दिनांक 13.05.2024 से विक्रय की गई थी। श्रीमती रामकली द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री विजेन्द्र सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 27 आईजीआर 17912025ए1005 15987 दिनांक 24.06.2025 से विक्रय की गई थी। श्रीमती गुड्डी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हों।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ शपथकर्ता के पति (**स्व. श्री सरदार सिंह लांस नायक**) के सर्विस रिकॉर्ड में मुझ शपथकर्ता के नाम स्पेलिंग **HEM LATA** अंकित है जबकि मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड व पेन कार्ड व अन्य समस्त दस्तावेजों में मुझ शपथकर्ता के नाम की वास्तविक स्पेलिंग **HEMLATA** है। यह कि **HEM LATA** एवं **HEMLATA** उक्त वर्णित दोनों ही स्पेलिंग मुझ शपथकर्ता के नाम की ही है। अत: मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरे नाम की स्पेलिंग **HEM LATA** के स्थान **HEMLATA** अंकित कर रिकॉर्ड में दर्ज की जावे.

शपथकर्ता
श्रीमती हेमलता पत्नी स्व. श्री सरदार सिंह निवासी : बंगरा जिला जालौन उ.प्र.

संबंध विच्छेद - आम सूचना

सर्वसाधारण एवम् हर आम व खास व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, मुझ मोहम्मद इखलाक पुत्र स्व. आस मोहम्मद, निवासी, मेवाती मोहल्ला, बहोड़ापुर, ग्वालियर (म.प्र.) के पुत्र इमरान खान, आयु-लगभग 29 वर्ष व्दारा विगत लम्बे समय से अनावश्यक विवाद उत्पन्न किए जाते हैं तथा अपनी मर्जी से अनावश्यक दिनचर्या व्यतीत कर, पारिवारिक विवाद उत्पन्न करते हुए क्लेश किया जाता रहा है तथा कोई काम-धंधा नहीं किया जाता है साथ ही पारिवारिक संबंधों की घोर एवं पूर्ण उपेक्षा लगातार रुप से की जाती रहीं है। विगत लगभग दो माह से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का उसके व्दारा स्वेच्छापूर्वक परित्याग कर अन्यत्र निवासरत है, इसके अलावा, इस प्रकार पुत्र इमरान खान से मेरा व मेरी पत्नि आमना खातून का किसी भी प्रकार का कोई पारिवारिक व सामाजिक संबंध नहीं रह गया है साथ ही मुझ मोहम्मद इखलाक एवं मेरी पत्नि आमना खातून व्दारा अपने पुत्र इमरान खान से पूर्णतः संबंध समाप्त किए जा चुके है और इस आम सूचना के माध्यम से हर आम व खास, व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मुझ मोहम्मद इखलाक पुत्र स्व. आस मोहम्मद एवं मेरे परिवार का पुत्र इमरान खान से हर प्रकार का, हर प्रकार से संबंध विच्छेद हो चुका है, तथा कोई भी आम या खास व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम एवं सर्वसाधारण पुत्र इमरान खान से मेरे व मेरे परिवार के नाम से किसी भी प्रकार का संबंध, व्यवहार, संमव्यवहार, लेन देन या अन्य किसी भी प्रकार का व्यवहार न करे और न ही करावे अन्य दशा में यदि ऐसा किया जाता है तो उक्त हेतु मेरा एवं मेरे परिवार का किसी भी प्रकार दायित्व एवं जबाबदारी नहीं होगी और उक्त हेतु मेरा पुत्र इमरान खान वैयक्तिक रुप से स्वंय दायित्वाधीन होगा। अतः सूचित हों। दिनांक- 31.05.2026 स्थान - ग्वालियर

सूचनाकर्ता / प्रेषक
1. मोहम्मद इखलाक पुत्र स्व. आस मोहम्मद
2. आमना खातून पत्नी मोहम्मद इखलाक
निवासीगण- मेवाती मोहल्ला, बहोड़ापुर, ग्वालियर (म.प्र.) मोबा. नं. 9039072319
द्वारा अभिभाषक - **ए.के.सक्सैना (एडवोकेट)**
बावन पायगा, नई सड़क, लश्कर, ग्वालियर मोबा. **9039667197**

आम सूचना

श्री ध्रुव सिंह पुत्र श्री दामोदर सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित बिस्मिल नगर, ग्राम जौरी, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.05 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.500मिन 10 ग्राम जौरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है : पूर्व में-भवन सुनीता कंसाना, पश्चिम में-रास्ता 17 फुट चौड़ा, उत्तर में भूखण्ड सुनीता कंसाना एवं दक्षिण में खुली भूमि है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री नत्थी सिंह पाठक पुत्र श्री कन्हैयालाल पाठक द्वारा श्री रमेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री श्यामलाल शर्मा को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.2736 दिनांक 15.09.1997 से विक्रय की गई। श्री रमेश चन्द्र शर्मा का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री राजकुमार एवं श्री प्रवीण पुत्रगण श्री रमेशचन्द्र शर्मा, सरस्वती पुत्री श्री रमेशचन्द्र एवं श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी श्री रमेशचन्द्र । श्री राजकुमार शर्मा उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। एवं श्री प्रवीण शर्मा, श्रीमती सरस्वती एवं श्रीमती उर्मिला देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री ध्रुव सिंह पुत्र श्री दामोदर सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792017ए1505813 दिनांक 01.09.2017 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 15.09.1997 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्री ध्रुव सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, बैंक अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 15.09.1997 की मूलप्रति प्राप्त हों तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 5 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार महेश सिंह तोमर पुत्र स्व श्री छोटे सिंह तोमर एवं श्रीमती किरण तोमर पत्नी श्री महेश सिंह तोमर निवासीगण: कोटेश्वर कॉलोनी, गली न. 3, ग्वालियर, जिला ग्वालियर म.प्र. द्वारा अपने पुत्र एवं पुत्र वधु रोहित सिंह तोमर पुत्र श्री महेश सिंह तोमर एवं श्रीमती निकिता ठाकुर उर्फ बुन्देला पत्नी श्री रोहित सिंह तोमर से पुत्र वधु श्रीमती निकिता ठाकुर उर्फ बुन्देला द्वारा हमारे पक्षाकरगण के साथ किये गए गलत आचरण एवं दुंर्व्यवहार के साथ-साथ हमारे पक्षकारों को किसी भी झूठे अपराध में फंसाने की धौस देने के चलते अपने पृथक कर समस्त रिश्ते व सबंध पूर्णत: रोहित सिंह तोमर पुत्र श्री महेश सिंह तोमर एवं श्रीमती निकिता ठाकुर उर्फ बुन्देला पत्नी श्री रोहित सिंह तोमर के साथ सदा के लिए समाप्त किये जा चुके है। साथ ही रोहित सिंह तोमर पुत्र श्री महेश सिंह तोमर एवं श्रीमती निकिता ठाकुर उर्फ बुन्देला पत्नि श्री रोहित सिंह तोमर किसी भी प्रकार का किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था से किये जाने वाले लेनदेन के लिए समव्यवहारकर्ता व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से जवाबदार होकर जिम्मेदार होगे जिसमे हमारे पक्षकारों की कोई जवाबदारी व जिम्मेदारी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप मे किसी भी प्रकार की नही रहेगी तथा समव्यवहारकर्ता एकमात्र रूप से जवाबदार होकर जवाबदार होगा। उक्त आम सुचना हमारे पक्षकारगण द्वारा रोहित सिंह तोमर पुत्र श्री महेश सिंह तोमर एवं श्रीमती निकिता ठाकुर उर्फ बुन्देला पत्नी श्री रोहित सिंह तोमर के साथ पूर्व में किये सम्बन्ध विच्छेद के सम्बन्ध में सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है।

स्थान :- ग्वालियर
दिनांक - 30.05.2026

प्रेषक
शुभम राजपूत एडवोकेट
ब्रारू हाउस, एस.डी.एम. रोड, ग्वालियर
मो. 9301102652

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(महारत्न कंपनी)

एमटीओ एग्रीगेटर की नियुक्ति

मध्य प्रदेश में मिनरल टर्पेन्टाइन ऑयल (एमटीओ) की बिक्री के लिए पीओएल एग्रीगेटर के तौर पर चयन हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता, चयन मानदंड, स्थान, आवेदन का प्रारूप आदि की जानकारी यहाँ उपलब्ध है:
https://hindustanpetroleum.com/pages/advertisements.
अंतिम तिथि: 16 जुलाई 2026 (17:00 बजे)
कोई भी अतिरिक्त जानकारी/शुद्धीपत्र वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

/hpcl/ /hpcl/ /hpcl/ /@Hindustan Petroleum Corporation Limited
www.hindustanpetroleum.com
LiFE Lifestyle for Environment